2019-20

अभ्यास प्रश्न पत्र 3,

कक्षा X हिंदी कोर्स ए

समय 3 घंटे	**सामान्य निर्देश :-** **1 इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं -क,ख,ग और घ |** **2 सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |** **3 यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों का उत्तर क्रम से लिखिए |** **4 एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए |** **5 दो अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए |** **6 तीन अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए |**	पूर्णांक:80
	खंड-क	
	1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए जीवन में समय का नियोजन ही सफलता की कुंजी है | समय का चक्र अपनी गति से चल रहा है या यूँ कहें कि भाग रहा है | अक्सर इधर-उधर, कहीं न कहीं, किसी न किसी से सुनाने को मिल जाता है कि क्या करें समय ही नहीं मिलता | वास्तव में, हम निरन्तर गतिमान समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल ही नहीं पाते और पिछड़ जाते हैं | चाणक्य ने कहा है - "जो व्यक्ति जीवन में समय का ध्यान नहीं रखता , उसके हाथ असफलता और पछतावा ही लगता है |" कबीर दास ने भी, "काल करै सो आज कर, आज करै सो अब" कहकर काम को कल पर न टालने की सीख दी है| समय जैसे बहुमूल्य धन को सोने-चाँदी की तरह संरक्षित नहीं रखा जा सकता क्योंकि समय गतिमान है| इस पर हमारा अधिकार तब तक है जब तक हम इसका सदुपयोग करें अन्यथा यह नष्ट हो जाता है|	10
क	व्यक्ति जीवन की दौड़ में कब पिछड़ जाता है ?	2
ख	चाणक्य के अनुसार, समय का ध्यान न रखने वाले व्यक्ति को जीवन में क्या मिलाता है ?	2
ग	जीवन में सफलता की कुंजी किसे बताया गया है और क्यों ?	2
घ	समय जैसे बहुमूल्य धन को सोने-चाँदी जैसे क्यों नहीं रखा जा सकता ?	2
ड.	कबीर दास जी की सीख यदि न मानी जाए तो उसका क्या परिणाम होगा ?	1
च	कदम से कदम मिलाकर चलना : का वाक्य में प्रयोग करें |	1
	खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)	
2	निर्देशानुसार नीचे लिखे वाक्यों को रूपांतरित कीजिए-	1X4
क	अध्यापक ने बताया कि कल छुट्टी होगी | (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका प्रकार	

	लिखिए)		
	ख	मेरे पिता जी वे हैं जो पलंग पर लेटे हैं| (संयुक्त वाक्य बनाइए)	
	ग	जो आदमी पत्र बाँटता है, वह डाकिया होता है|(सरल वाक्य में बदलिए)	
	घ	तुम नहीं आओगे, मैं जानता था| (रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार लिखिए)	
3		नीचे लिखे वाक्यों में निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए-	1x4=4
	क	राम द्वारा पुस्तक पढी जा रही है| (कर्तरि वाच्य में बदलिए)	
	ख	वह चुप नहीं रह सकता | (भाव वाच्य में बदलिए)	
	ग	सोहन से चला नहीं जाता | (वाच्य का प्रकार बताएँ)	
	घ	लड़का पत्र लिखता है | (कर्म वाच्य में बदलिए)	
4		निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित का पद-परिचय कीजिए-	1x4=4
	क	मैं <u>धीरे-धीरे</u> चलता हूँ|	
	ख	<u>मीरा</u> घर में रहती है|	
	ग	<u>हम</u> अपने देश पर मर मिटेंगे |	
	घ	यह छात्र बहुत <u>चतुर</u> है|	
5		निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-	1x4=4
	क	'वीभत्स' और 'शांत' रस के स्थायी भाव लिखिए|।	
	ख	भक्ति रस का उदहारण लिखिए|	
	ग	विभाव के कितने भेद हैं |	
	घ	निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में निहित रस का नाम लिखिए-	
		हाथी जैसी देह है, गैंडे जैसी खाल |	
		तरबूजे-सी खोपड़ी, खरबूजे से गाल||	
		खंड 'ग'-पाठ्य- पुस्तक व पूरक पाठ्य-पुस्तक	
6		निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए	6
		फ़ादर को जहरबाद से नहीं मरना चाहिए था | जिसकी रगों में दूसरों के लिए मिठास भरे अमृत के अतिरिक्त और कुछ नहीं था ; उसके लिए इस जहर का विधान क्यों? यह सवाल किस ईश्वर से पूछें / प्रभु की आस्था ही जिसका अस्तित्व था ; वह देह की इस यातना की परीक्षा उम्र की आखिरी देहरी पर क्यों दे ? एक लम्बी ,पादरी के सफ़ेद चोगे से ढकी आकृति सामने है- गोरा रंग,सफ़ेद झाईं मारती भूरी दाड़ी, नीली आँखें-बाँहें खोल गले लगाने को आतुर | मैं पैतीस साल से इसका साक्षी था| तब भी जब वह इलाहाबाद में थे और तब भी जब दिल्ली आते थे| आज उन बाहों का दबाव मैं अपनी छाती पर महसूस करता हूँ |	
	क	लेखक द्वारा चित्रित फादर के बाहरी व्यक्तित्व को अपने शब्दों में लिखिए |	2
	ख	फादर के स्वभाव की कौन-सी विशेषता आपको प्रभावित करती है?	2

ग	फादर की जहरबाद से मृत्यु होना लेखक को क्यों उचित प्रतीत नहीं होती?	2
7	निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-	2x4 =8
क	सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?	2
ख	भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?	2
ग	फादर बुल्के ने सन्यासी की परंपरागत छवि से अलग एक नयी छवि प्रस्तुत की है, कैसे?	2
घ	काशी में हो रहे कौन-से परिवर्तन बिस्मिल्ला खां को व्यथित करते हैं ? 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर बताइए |	2
ड.	लेखिका के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा?'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लिखिए ।	2
8	निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-	6
	विकल-विकल, उन्मन थे उन्मन विश्व के निदाघ के सकल जन, आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन ! तप्त धरा, जल से फिर शीतल कर दो-बादल, गरजो !	
क	विकल और उन्मन अवस्था में कौन थे और क्यों?(शब्द सीमा 30-40 शब्द)	2
ख	अज्ञात दिशा से किसका आगमन हुआ और क्यों?	2
ग	तप्त धरा का सांकेतिक अर्थ बताइए?	2
9	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप लिखिए-(शब्द सीमा लगभग 30-40 शब्द)	2x4=8
क	गोपियों के अनुसार राजा का क्या धर्म होना चाहिए?	
ख	फसल को 'नदियों के पानी का जादू' क्यों कहा गया है ?	
ग	कवि गिरिजाकुमार माथुर ने कठिन यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है ?	
घ	आप अपने जीवन में मुख्य कलाकार की भूमिका निभाना चाहेंगे या संगतकार की? तर्क सहित उत्तर दीजिए|	
ड.	परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएँ हुईं उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखिए।	
10	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए :-	3x2=6
क	रानी एलिजाबेथ के दरजी की परेशानी का क्या कारण था ?उसकी परेशानी को आप किस तरह तर्क संगत ठहराएँगे ?	3
ख	प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है?'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए।	3
ग	बच्चे सरल, निर्दोष और मस्त होते हैं- 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए।	3

	खंड 'घ' -लेखन	
11	निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दी गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200-250 शब्दों में एक निबंध लिखिए-	10
(क)	कंप्यूटर -आज के युग की ज़रुरत -भूमिका -मानव मस्तिष्क से भी तेज -इंटरनेट -कंप्यूटर का ज्ञान आज की आवश्यकता	
(ख)	(ख) परमाणु शक्ति और भारत -भूमिका -परमाणु शक्ति का कल्याणकारी रूप -परमाणु शक्ति का विनाशकारी रूप -भारत में परमाणु शक्ति -परमाणु शक्ति के खतरे -उपसंहार	
(ग)	व्यायाम और स्वास्थ्य -भूमिका -जीवन में स्वास्थ्य का महत्त्व -अच्छे स्वास्थ्य की पहचान -स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम आवश्यक -व्यायाम के प्रकार तथा समय -व्यायाम करते समय ध्यान रखने योग्य बातें - अच्छा स्वास्थ्य सफल जीवन की निशानी |	
12	आपका सामान बस में छूट गया है, उसे प्राप्त करने के लिए परिवहन अधिकारी को पत्र लिखिए।	5
	अथवा	
	अपने भाई की शादी पर अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए।	5
13	'पेट दर्द को कहें अलविदा'विषय पर 25-30 शब्दों का विज्ञापन तैयार करें	5